संख्या-221/2023/।/358369/2023/001-23-11099(099)/90/2023

प्रेषक,

राज कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 27/07/2023**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2023-24 में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-4896/CE-HQ1/RS/MRT/2023-24, दिनांक 21-06-2023, पत्र संख्या-4926/CE-HQ1/RS/MBD/2023-24, दिनांक 23-06-2023 एवं पत्र संख्या-5067/CE-HQ1/RS/KNP/2023-24, दिनांक 11-07-2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 10 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रू0 140.40 लाख (रूपये एक करोड़ चालीस लाख चालीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	**स्वीकृत/ प्रावैधिक/गठित अनुबन्ध की लागत/गठित अनुबन्ध के आधार पर बचत/ बचत के उपरान्त लागत**	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन मुरादाबाद गवा बुलन्दशहर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-148) के भाईपुरा दोराहा ब्लैक स्पॉट वर्ष 2018 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	10.81 10.81 8.38 0.19 10.62	3.15	6.72
2	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन बुलन्दशहर स्याना गढ़ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-65) के अनूपशहर चौराहा ब्लैक स्पॉट वर्ष 2018 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	14.84 14.84 11.51 0.26 14.58	4.05	9.48
3	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन बुलन्दशहर स्याना गढ़ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-65) के बसौड़ा ब्लैक स्पॉट वर्ष 2018 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	7.94 7.94 6.17 0.13 7.81	2.76	4.55
4	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन बुलन्दशहर स्याना गढ़ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-65) के डेयरी ब्लैक स्पॉट वर्ष 2018 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	5.51 5.51 4.27 0.09 5.42	2.26	2.84
5	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन बुलन्दशहर स्याना गढ़ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-65) के नया बांस ब्लैक स्पॉट वर्ष 2019 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	7.05 7.05 5.48 0.14 6.91	4.57	2.11
6	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन बुलन्दशहर स्याना गढ़ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-65) के पी0आई0सी0 कालेज ब्लैक स्पॉट वर्ष 2019 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	7.29 7.29 5.65 0.12 7.17	2.73	4.00

7	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन बुलन्दशहर स्याना गढ़ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-65) के ग्राम इमलिया ब्लैक स्पॉट वर्ष 2019 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	6.75 6.75 5.24 0.11 6.64	2.63	3.61
8	प्रा0ख0 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अधीन मुरादाबाद गवा बुलन्दशहर मार्ग पर स्थित, रौंडा स्कूल ब्लैक स्पॉट वर्ष 2019 का अल्पकालिक सुधार का कार्य।	9.89 9.89 7.67 0.16 9.73	3.09	5.98
9	प्रा0ख0 सम्भल	जनपद सम्भल में मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग एस0एच0-43 पर ब्लैक स्पॉट धन्नु मल पेट्रोल पम्पा तिराहा वर्ष 2016 के सुधार सौन्दर्यीकरण चौड़ीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक सुधार का कार्य।	90.44 90.44 43.90 0.38 90.06	5.45	84.61
10	नि0ख0-1 कानपुर देहात	जनपद कानपुर देहात में मूसानगर ब्लैक स्पाट वर्ष 2016 पर रोड सेफ्टी आडिट की रिपोर्ट के आधार पर दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक सुधार कार्य।	82.87 82.87 64.45 0.07 82.80	66.30	16.50
			योग:-		140.40

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की समस्त शर्तो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक- 17 मार्च,2023 में निहित निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत कार्यो हेतु धनराशि की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जा रही है कि यदि कोई कार्य नगरीय सीमा के अन्तर्गत सम्मिलित है, तो प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि नगरीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी रहने तक उक्त कार्यो हेतु धनराशि निर्गत न की जाय।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 1,40,40,000(रूपये एक करोड़ चालीस लाख चालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371400 दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा संबंधी कार्य मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक- 17 मार्च,2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
उप सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in